हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 19 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 43.7 डिग्री
न्यूनतम 18.1 डिग्री

12 मुख्य सचिव ने प्रशासनिक अधिकारियों को दिए निर्देश



12 वार हीरोज खेल स्टेडियम की जांच में मिली खामियां



## खबर संक्षेप

### हजारों की हेरोइन के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव भोगपुर के पास से एक व्यक्ति को 14 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत 56 हजार रुपये है। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान बुढ़िया निवासी हारुण खान के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### असला उपलब्ध करवाने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने शाहबाद आईलेट्स सेंटर पर गोली चलाने के आरोपियों को बाईक व हथियार उपलब्ध करवाने के एक और आरोपी राजविन्द्र सिंह उर्फ रजत वासी जिला यमुनानगर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहनलाल के मार्गनिर्देश में पीएसआई प्रमोद कुमार की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

### चोरों ने फैक्ट्री से चुराया लाखों रुपये का सामान

**यमुनानगर।** गांव भटली निवासी सतीश गर्ग ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसकी गांव में ही फैक्ट्री है। चोरों ने 10 अप्रैल की रात को फैक्ट्री में घुसकर वहां से आठ बैग अल्युमिनियम तथा पांच क्विंटल स्क्रैप चोरी कर ली। सुबह जब वह फैक्ट्री में आया तो उसे वहां से सामान गायब मिला। तलाश करने पर चोरों का कुछ भी पता नहीं चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### मारपीट के मामले में दो युवक किए गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी यश व विकास को गिरफ्तार किया है। तोपखाना के रहने वाले शुभम ने 16 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी यश, विकास व अन्य ने उससे लड़ाई झगड़ा कर चोटें पहुंचाई हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### बीमा पॉलिसी के पैसे हड़पने वाला पकडा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने मृत्यु की कगार पर खड़े लोगों की बीमा पॉलिसी करवा कर धोखाधड़ी से बीमा पॉलिस के पैसे हड़पने वाले गिरोह के चौथे आरोपी पहल सिंह निवासी गांव बानीपुर जिला शामली, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। कुलदीप निवासी एल्डिको, सलीम निवासी नरवाना जीन्द व सचिन निवासी गुगनपुरा के साथ मिलकर गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों की फर्जी तरिके से बीमा पॉलिस करवाकर पैसे हड़पने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

### वर्क फ्रॉम होम के बहाने युवक से लाखों की ठगी

**पानीपत।** पानीपत की जाटल रोड निवासी राकेश सैनी को साइबर ठगों ने अपना शिकार बना लिया। ठगों ने वर्क फ्रॉम होम के बहाने एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा। जिसके बाद अधिक मुनाफे का लालच देकर उससे अलग-अलग खातों में रुपए डलवा लिए। ठगों ने उससे 2 लाख 70 हजार रुपए ठग लिए। वहीं राकेश की शिकायत पर थाना साइबर पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध देसी पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने पीपल मंडी बतरा कॉलोनी के नजदीक अमन पुत्र सुरेश निवासी वार्ड 11 सैनी कॉलोनी को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया उसने उक्त देसी पिस्तौल करीब 15 दिन पहले कॉलोनी में चदर कवर बेचने आए एक अज्ञात फेरी वाले से चार हजार रूपए में खरीदा था।

---

### राजनीतिक दुकानदारी चलाने के लिए कांग्रेस कर रही वक्फ बोर्ड बिल का विरोध

# विपक्षी दल भी कर रहे प्रधानमंत्री की नीतियों की तारीफ : नायब सिंह सैनी

## ईडी की कार्रवाई का विरोध के बजाए सहयोग करे कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- प्रदेशवासियों को श्रीगुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व की बधाई



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश में विपक्षी दल चुपके-चुपके घर बैठकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सबका साथ सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास की नीतियों की प्रशंसा कर रही है।

उन्होंने कहा कि मजबूरन अपना वजूद बनाए रखने के लिए विपक्ष को धरना प्रदर्शन करके खानापूर्ति करनी पड़ रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को गांव बीड मथाना में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री सैनी ने देश व प्रदेशवासियों को श्रीगुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्ववंश न्यौछावर कर दिया। इस बलिदान से बड़ा दुनिया में कोई बलिदान और त्याग नहीं है। इस बलिदान और त्याग को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने भी भाजपा सरकार पर तंग करने के आरोप लगाए थे, लेकिन आखिर में कोर्ट के आदेशों के बाद जेल जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने जब कोई गलत काम नहीं किया तो डरना नहीं चाहिए, ईडी पूछताछ कर रही है तो इसमें कांग्रेस के नेताओं को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए, अपितु कांग्रेस के नेताओं को जांच में सहयोग करना चाहिए। वक्फ बोर्ड के बिल का विपक्षी दलों ने अपने राजनैतिक दुकानदारी को चलाने के लिए विरोध किया है। इस बिल को लेकर कांग्रेस ने भी अपने वोट को सुरक्षित रखने के लिए आनन-फानन में बिल लाए, लेकिन उनको बिल के नुकसान और कमियों का पता नहीं था। तना ही नहीं विपक्ष के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों की घर बैठे तारिफ कर रहे है।

**विपक्ष नाम की चीज नहीं**

भाजपा सरकार वक्फ बोर्ड पर एक अच्छा बिल लेकर आई है और इस बिल पर सभी ने सहमति व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि प्रदेश में विपक्ष नाम की अब कोई चीज नहीं है। भाजपा को ही अब विपक्ष की भूमिका निभानी पड़ रही है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिला अध्यक्ष तजेन्द्र सिंह गोल्डी, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष कलसाना, पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील राणा को भी सरोपा भेंट किया। इस मौके पर सरपंच देवी दयाल, प्रधान हरपाल सिंह, गुलजार सिंह, नरेन्द्र सिंह, सुरमुख सिंह, राजेन्द्र सिंह, सुरजीत सिंह, सतप्रकाश, हरमेश सिंह, अमरेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, मास्टर सतप्रकाश सैनी, गुरु चरण सिंह, ब्लॉक समिति सदस्य बचन सिंह, जिंदर सिंह आदि उपस्थित थे।

---

# राज्यपाल दत्तात्रेय ने किया 'इरादा रेडियो' का शुभारंभ



- समाज कल्याण में रेडियो की सेवाओं का ऐतिहासिक योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने कहा कि समाज कल्याण में रेडियो की सेवाओं का ऐतिहासिक योगदान रहा है। भारत में रेडियो की शुरूआत समाचार प्रसारण से हुई थी, बाद में रेडियो पर मनोरंजन के साथ-साथ जीवन के विभिन्न पहलुओं समाज, संस्कृति और स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाई जाने लगे।

उन्होंने उम्मीद जताई कि कुरुक्षेत्र से शुरू होने वाले इरादा रेडियो भी समाज को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की प्रस्तुति देगा। राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय शुक्रवार को हिरमी में आयोजित रेडियो स्टेशन इरादा रेडियो के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। उन्होंने 88.4 मेगाहर्ट्ज पर प्रसारित होने वाले रेडियो स्टेशन का बटन दबाकर शुभारंभ किया। इरादा रेडियो पर पहली आवाज राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की रिकॉर्ड की गई। बंडारु दत्तात्रेय ने कहा कि रेडियो स्टेशन श्रोताओं के लिए एक नया और रोमांचक अनुभव लेकर आएगा। समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम होगा। श्रोताओं को सही सूचना उपलब्ध करवाने में कारगर साबित होगा। इस मौके पर एनआईटी के डायरेक्टर डा. बीवी रमना रेड्डी, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, सरस्वती बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, डीएसटी रणजीत सिंह, इरादा रेडियो के सचिव राजपाल पांचाल आदि मौजूद रहे।

---

# करनाल : पत्नी रूठी तो पति ने फंदे पर लटक कर दे दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- पांच साल पहले विशेष समुदाय की युवती से लव मैरिज की थी

करनाल में शुक्रवार सुबह युवक ने घर में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक ने 5 साल पहले विशेष समुदाय की युवती से लव मैरिज की थी। शादी के बाद दोनों उत्तराखंड के ज्वालापुर से करनाल रहने आ गए थे। पत्नी को शक था कि उसके पति के किसी दूसरी युवती के साथ संबंध हैं। इस वजह से दोनों के बीच झगड़े होते थे। सुसाइड से पहले भी पति-पत्नी के साथ कहासुनी हुई थी। गुस्से में पत्नी घर से बाहर चली गई।

पीछे से पति ने फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान उत्तराखंड के ज्वालापुर निवासी देव उर्फ दुर्गेश (27) के रूप में हुई है। एक रिश्तेदार ने बताया कि दुर्गेश की पत्नी विशेष समुदाय से थी। इसके बाद वे उत्तराखंड से करनाल आकर रहने लगे। शादी के बाद दोनों को 2 लड़कियां हुईं। बड़ी लडक़ी 4 साल, जबकि छोटी 9 महीने की है।

### दूसरी युवती से संबंध का था शक

रिश्तेदार के मुताबिक कुछ दिन से दिव्यांशी को शक था कि दुर्गेश के किसी दूसरी युवती के साथ संबंध हैं। इसी बात को लेकर सुबह दोनों में लड़ाई हुई। दिव्यांशी ने दुर्गेश से कहा कि जिस लडक़ी से तू बात करता है, उसकी कॉल रिकॉर्डिंग मेरे पास आ जाएगी। इसके बाद दोनों सुबह रेलवे स्टेशन पर टिकट कराने के लिए गए थे। यहां से लौटने के बाद दुर्गेश बड़ी बेटी को स्कूल छोडऩे चला गया। जब वह घर आया तो दोबारा उसका पत्नी से झगड़ा हो गया। गुस्से में दिव्यांशी घर से बाहर चली गई। जाते-जाते दुर्गेश ने कहा अगर तुम बाहर गई तो कि मैं जान दे दूंगा। इस पर दिव्यांशी ने कहा - तुम तो हमेशा यही कहते हो। इसके बाद दिव्यांशी बाहर चली गई। पीछे से दुर्गेश ने फंदा लगा लिया। थोड़ी देर बार दिव्यांशी घर आई तो दरवाजा अंदर से बंद मिला।

---

# हत्या के सात आरोपियों को सुनाई उम्रकैद

- जानलेवा हमले में घायल जगरूप की अस्पताल में हो गई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जिला कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त सैशन न्यायाधीश की अदालत ने हत्या करने के आरोपी मंजीत सिंह, लखविन्द्र सिंह, हरमनजीत सिंह, रणधीर सिंह, गुरमिन्द्र सिंह, जगमीत सिंह व खुशवंत सिंह वासीयान मुर्तजापुर जिला कुरुक्षेत्र को सुनाई उम्र कैद की सजा सुनाई है।

जिला न्यायवादी ने बताया कि 1 मई 2016 को पिहोवा पुलिस को दिए अपने बयान में लवदीप सिंह वासी मुर्तजापुर ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। 30 अप्रैल 16 को वह गांव में ही करियाना की दुकान पर खड़ा था। कमलजीत ने उसके भाई जगरूप को फोन किया कि पेहवा मार्किट आ जाओ। उसके बाद वह सब जगरूप सिंह के साथ पेहवा मार्किट के लिए जाने लगे तो एक इनोवा गाड़ी व 2/3 मोटर साईकिलों पर 8/10 व्यक्ति हाथों में गंडासी तथा देशी कट्टा लेकर उनके पास आए। आरोपियों ने आते ही उनके ऊपर हथियारों से हमला कर दिया। वह डर के मारे भागने लगे तो जगरूप सिंह नीचे गिर गया जिसको आरोपियों ने लाठी-बिंडे व रॉड से चोटे मारी। उनके शौर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गये। घायल जगरूप सिंह को हस्पताल ले जाया गया जहां पर ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या मामले के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

### इनको सुनाई सजा

अतिरिक्त सैशन न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर आरोपी मंजीत सिंह, लखविन्द्र सिंह, हरमनजीत सिंह, रणधीर सिंह, गुरमिन्द्र सिंह, जगमीत सिंह व खुशवंत सिंह वासीयान मुर्तजापुर जिला कुरुक्षेत्र को दोषी करार देते हुए आईपीसी की धारा 148 के तहत 3 साल कैद व 5 हजार रुपये जुमार्ना, जुमार्ना ना भरने की सूरत में 3 माह के अतिरिक्त कारवास की सजा भुगतनी होगी, आईपीसी की धारा 323/149 के तहत 1 साल कैद व 1 हजार रुपये जुमार्ना, जुर्माना ना भरने की सूरत में 3 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी, आईपीसी की धारा 427/149 के तहत 2 साल कैद व 5 हजार रुपये जुमार्ना की सजा, जुर्माना ना भरने की सूरत में 3 माह के अतिरिक्त कारवास की सजा भुगतनी होगी, धारा 302 के तहत उम्र कैद व 1 लाख रुपये जुर्माना, जुमार्ना ना भरने की सूरत में 6 माह के अतिरिक्त कारवास की सजा भुगतनी होगी, आईपीसी की धारा 506 के तहत 2 साल कैद व 1 हजार रुपये जुमार्ना, जुमार्ना ना भरने की सूरत में 3 माह के अतिरिक्त कारवास की सजा भुगतनी होगी तथा आईपीसी की धारा 120-बी के तहत 5 साल कैद व 20 हजार रुपये जुर्माना, जुर्माना ना भरने की सूरत में 3 माह के अतिरिक्त कारवास की सजा भुगतनी होगी।

---

# दोस्तों के साथ सोम नदी में नहाने गया युवक पानी के बहाव में बहा

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

- गोताखोरों की मदद से युवक को ढूंढने में जुटी पुलिस

दोस्तों के साथ सोम नदी में नहाने गया एक युवक नदी में बह गया। पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से युवक को ढूंढने का प्रयास किया मगर उसका कुछ भी पता नहीं चल सका।

कैंप कालोनी का रहने वाला युवक सोनू अपने दो दोस्तों के साथ फतेहगढ़ के निकट से बह रही सोम नदी में नहाने गया था। इस दौरान तीनों दोस्तों ने पहले तो नदी किनारे बैठ कर कुछ बाते की और फिर इसके बाद आपस में शर्त लगा कर कूदने लगे। इस दौरान सोनू पानी में कूद गया। दी में कूदने के तुरंत बाद सोनू बहाव में बहने लगा। जिसे देख उसके दोनों दोस्तों ने शोर मचाते हुए उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन सफल न हो सके। दोस्तों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की सहायता से युवक को ढूंढने का प्रयास किया मगर उसका कुछ भी पता नहीं चल सका। उधर, बूड़िया थाना प्रबंधक नर सिंह ने बताया कि नदी किनारे एक बाइक और पानी में डूबे युवक के कपड़े पड़े थे। तुरंत ही गोताखोर को बुलाकर युवक की तलाश शुरू कर दी थी। मगर अभी तक युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया।

---

# ट्राले की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत

- बेटी का आधार कार्ड बनवाकर कंपनी में लौट रहा था युवक

**यमुनानगर।** जगाधरी बिलासपुर रोड पर गांव महमूदपुर के पास ट्राला की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक युवक अपनी बेटी का आधार कार्ड बनवाकर कंपनी में वापस लौट रहा था। पुलिस ने अज्ञात ट्राला चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।गांव रसूलपुर निवासी बलविंदर सिंह ने बताया कि उसका भतीजा 28 वर्षीय दमनप्रीत सिंह इस्जेक कंपनी में काम करता है। वीरवार को उसका भतीजा घर से कंपनी में काम पर गया था। दोपहर को वह अपनी बेटी का आधार कार्ड बनवाने के लिए बाइक पर बिलासपुर आया था। जब वह वापस कंपनी में लौट रहा था तो जगाधरी बिलासपुर रोड पर गांव महमूदपुर के पास तेज गति से आ रहे ट्राला ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दमनप्रीत सड़क पर गिर गया। भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई।

---

# घर के बाहर बेसुध मिली नाबालिग

- नशे की हालत में मिली, किशोरी के साथ दुष्कर्म की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीय नाबालिग के साथ दरिंदगी का मामला सामने आया है। रात तीन बजे बच्ची अपने घर के बाहर बेहोशी की हालत में मिली।

उसके मुंह से नशे की बदबू आ रही थी। बच्ची पूरी तरह से बेहोश हो चुकी थी। परिजनों का आरोप है कि गांव के ही एक युवक ने उसे नशीला पदार्थ देकर रेप किया और फिर घर के बाहर छोडक़र फरार हो गया। बच्ची को अभी तक होश नहीं आया है। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शादीशुदा युवक पर आरोप

परिवार ने जिन पर आरोप लगाए हैं, वह गांव का ही रहने वाला है और शादीशुदा है। उसके दो बच्चे भी हैं। नाबालिग की मां व दादी का आरोप है कि कल रात 11 बजे आरोपी उनकी बच्ची को बहला-फुसलाकर ले गया था। चार घंटे बाद तडक़े 3 बजे वह बच्ची को नशे की हालत में घर के बाहर छोड़ गया। परिजनों का आरोप है कि आरोपी के खिलाफ पहले भी गांव में गलत संगत और नशे को लेकर बातें उठती रही हैं।

### मां का आरोप

बच्ची की मां ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि आरोपी ने बच्ची को स्मैक दी और गलत काम किया। सुबह जब वो घर के बाहर मिली तो बेसुध थी। आरोपी की मां भी इस साजिश में शामिल है और उन्हें धमकियां दी जा रही हैं कि हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते। परिवार अब डरा-सहमा हुआ है और बच्ची की हालत भी गंभीर बनी हुई है। थाना प्रभारी तरसेम चंद ने बताया कि नाबालिग से रेप की जानकारी मिली थी। पुलिस रात को ही घटनास्थल पर पहुंच गई थी।

---

### गेहूं तोलने में गड़बड़ी को लेकर सीएम फ्लाइंग ने की छापेमारी

# आढ़ती पर 10 हजार रुपये जुर्माना, लाइसेंस सस्पेंड

- अनाजमंडियों में किसानों को लूटने का किया जा रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



गेहूं खरीद सीजन के बीच हरियाणा की अनाजमंडियों में किसानों को लूटने का काम किया जा रहा है। गेहूं तोलने में गड़बड़ी के कई मामले सामने आ चुके हैं। भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम को किसानों की ओर से फोन कर कई शिकायतें इस बाबत की गई।

शुक्रवार को कुंजपुरा मार्केट कमेटी के अधीन पडऩे वाले घीड़ खरीद केंद्र में सीएम फ्लाइंग, नापतोल विभाग के अधिकारियों और कुंजपुरा मार्केट कमेटी की सचिव ने औचक निरीक्षण किया। भाकियू सर छोटूराम के प्रवक्ता बहादुर मेहला द्वारा मामला उठाए जाने पर अधिकारी यहां निरीक्षण करने पहुंचे थे। साथ में शुभम पोसवाल और गुरवंत संधू मौजूद रहे। बहादुर मेहला बलड़ी ने बताया कि अधिकारियों ने जब निरीक्षण किया तो तोल में गड़बड़ी देखने को मिली। गड़बड़ी करने के आरोपी एक आढ़ती का लाइसेंस सात दिन के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही 10 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया। यह कार्रवाई मार्केट कमेटी की सचिव ने की। इधर नापतोल विभाग ने रिपोर्ट तैयार कर ली है। विभाग आढ़ती पर प्रति बोरी कम से कम 10 हजार रुपए जुर्माना लगाएगा। बहादुर मेहला ने कहा कि अधिकारियों और व्यापारियों ने किसानों को लूटने का नया तरीका इजाद कर लिया है।

### साहा मंडी में कई बोरियों में कम मिला गेहूं

**अंबाला।** मंडियों में चल रहे गेहू के सीजन के दौरान साहा अनाजमंडी में सीएम फ्लाइंग ने रेड की। सीएम फ्लाइंग के साथ-साथ नाप तोल विभाग, हेफेड स्टोर निरीक्षक सहित मार्केट कमेटी के अधिकारियों ने मंडी में जगह-जगह तुलाई के बाद बोरियों में पैक की गई गेहू का वजन तोला। इस बीच टीम ने कहीं खुले में तो कहीं तिरपाल के नीचे ढकी बोरियों को भी निकाल कर उसकी तुलवाई करवाई। साथ ही तुलाई मशीन को भी जांचा। हालांकि कुछ बोरियों के वजन में 100 से 200 ग्राम तक कमी मिली तो किसी में ज्यादा मिला। इस मुद्दे को लेकर आढ़तियों ने एकजुट होकर टीम को गेहू की नमी व अन्य कई तकनीकी कारण बताए तो टीम संतुष्ट हुई। इस दौरान किसान यूनियन के नेता भी टीम की कार्रवाई में पहुंच गए। हालांकि उनकी तरफ से टीम से कई सवाल जवाब भी किए लेकिन कार्रवाई को नहीं रोका। मंडी में जांच के बाद जहां टीम ने आढ़तियों को चेताया कि अगर कोई कमी पाई जाती है तो कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान टीम ने मजदूरों सहित आढ़तियों को अपने नंबर भी जारी किए ताकि वह उनसे आसानी से संपर्क कर सके। क सीएम फ्लाइंग की टीम ने शाम 4 बजकर 30 मिनट पर मंडी की दबिश दी तो सभी आढ़तियों में हलचल मच गई। टीम ने 15 नंबर दुकान के आढ़ती इकबाल सिंह व 22 नंबर दुकान के आढ़ती राजकुमार की तुलाई की बाद रखी गई सैकड़ों बोरियों में से 10-10 बोरियों को जांचा।

---

# ट्रक की चपेट में आने से नर्सिंग की छात्रा की मौत

- छात्रा कॉलेज से लौटकर अपनी साइकिल पर घर जा रही थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

साहा में हुए एक सडक़ हादसे में बीएससी नर्सिंग की छात्रा की मौत हो गई। यह हादसा साहा चौक के पास हुआ। छात्रा कॉलेज से लौटकर अपनी साइकिल पर घर जा रही थी। जब यह हादसा हुआ उस समय मृतका गीतिका (20) के पीछे-पीछे उसके पिता रामपाल सैनी भी साइकिल पर चल रहे थे।

पिता ने बताया कि उनकी बेटी एमएम यूनिवर्सिटी में बीएस सी नर्सिंग का कोर्स कर रही थी। वह रोजाना साइकिल पर सवार होकर घर से साहा बस अड्डे तक आती थी। साइकिल को एक दुकान पर खड़ी करके रोडवेज की बस से यूनिवर्सिटी जाती थी। 16 अप्रैल को दोपहर करीब 4:40 बजे जब गीतिका कॉलेज से लौट रही थी। जैसे ही वह गुलाटी ट्रांसपोर्ट के पास पहुंची तो पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्राले ने उसकी साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। गीतिका सडक़ पर गिर गई और चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद ट्रक चालक मौका देखकर फरार हो गया। मौके पर मौजूद एक राहगीर ने तत्परता दिखाते हुए अपनी कार में घायल छात्रा को अंबाला कैंट के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। यहां डॉक्टरों ने गीतिका को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप



यमुनानगर। रादौर स्थित सरकारी कॉलेज में शपथ ग्रहण करते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

### नशा नहीं करने को लेकर विद्यार्थियों ने ली शपथ

**रादौर।** ज्योतिबा फुले राजकीय कॉलेज रादौर में शुक्रवार को नशे के विरुद्ध साइक्लोथॉन रैली के आगमन पर सभी को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों को एक मूवी भी दिखाई गई जिसमें नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ.राजेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी और कहा कि अपने आसपास के वातावरण पर हमें ध्यान रखने की आवश्यकता है। यदि हमारा कोई सहपाठी ऐसा करता है तो हमें उसे बचाना चाहिए। एनएसएस व रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सभी ने नशा न करने की शपथ लेने के साथ-साथ दूसरों को भी इससे बचाने के लिए संकल्प लिया।

# डेयरी कॉम्प्लेक्स में सफाई व्यवस्था रखने के लिए बनाएं थ्री पौंड सिस्टम

## मेयर सुमन बहमनी ने दड़वा डेयरी कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण कर जांची सफाई व्यस्था

निरीक्षण के दौरान मेयर ने डेयरी संचालकों की समस्याएं सुनी। डेयरी संचालकों ने कॉम्प्लेक्स के पशु अस्पताल में डॉक्टर नहीं होने की मुख्य समस्या बताई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर । दड़वा डेयरी कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण करती मेयर सुमन बहमनी ।

डेयरी कॉम्प्लेक्स में सफाई व्यवस्था रखने के लिए थ्री पौंड सिस्टम को अपनाएं। ताकि गोबर नालियों में ना जा सके। उक्त निर्देश मेयर सुमन बहमनी ने दड़वा के डेयरी कॉम्प्लेक्स में निरीक्षण के दौरान डेयरी संचालकों को दिए। मौके पर उन्होंने डेयरी संचालकों की समस्याएं भी सुनी। इस दौरान डेयरी संचालकों ने कॉम्प्लेक्स के पशु अस्पताल में डॉक्टर नहीं होने की मुख्य समस्या बताई। जिस पर मेयर बहमनी ने इस समस्या का समाधान किए जाने का आश्वासन दिया।

### गोबर नाली में न बहाएं

मेयर सुमन बहमनी नगर निगम के मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, वार्ड सात से पार्षद प्रियांक शर्मा, वार्ड तीन से पार्षद जयंत स्वामी, वार्ड एक की पार्षद रीना रस्तोगी व नकुल गोयल के साथ दड़वा डेयरी कॉम्प्लेक्स पहुंची। यहां उन्होंने पूरे डेयरी कॉम्प्लेक्स का जायजा लिया। कुछ डेयरियों के अंदर जाकर भी सफाई व्यवस्था जांची। इस दौरान कुछ डेयरी संचालकों द्वारा सीधा गोबर नालियों में बहाया हुआ मिला। जिससे नालियों में पानी निकासी की समस्या हो रही थी। मेयर से डेयरी संचालकों को निर्देश दिए कि वे नालियों में गोबर न बहाएं। डेयरी में थ्री पौंड सिस्टम बनाएं। ताकि गोबर नालियों में न आ सके। इस दौरान उन्होंने डेयरी संचालकों से बातचीत की उनकी समस्याएं जानी। इस दौरान पशु अस्पताल में सुविधाओं की कमी और डॉक्टर न होने से हो रही पशुपालकों को परेशानी का पता चला। मेयर सुमन बहमनी ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह डॉक्टर की तैनाती के लिए पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा से बात करेंगी।

### नई लाइट भी लगवाई जाएंगी

डेयरी संचालकों ने कॉम्प्लेक्स में खराब स्ट्रीट लाइट के बारे भी बताया। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि जल्द ही लाइटों की मरम्मत कराई जाएगी और जहां आवश्यकता है। वहां नई लाइट भी लगवाई जाएंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दड़वा डेयरी कॉम्प्लेक्स की साफ. सफाई, जल निकासी और रोशनी की व्यवस्थाओं को सुधारा जाए। ताकि डेयरी संचालकों और स्थानीय नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।



यमुनानगर। उत्थान संस्थान में पौष्टिक आहार दिवस मनाते दिव्यांग बच्चे।

# बच्चों को स्वस्थ खाने के महत्व से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

उत्थान संस्थान ने शुक्रवार को संतुलित पौष्टिक आहार दिवस मनाया गया। जिसके अंतर्गत सभी बच्चे घर से बना पोष्टिक खाना तथा तरह तरह के ताजे फल लेकर आए। इस दौरान बच्चों को स्वस्थ खाने के महत्व के बारे में बताया गया।

उत्थान संस्थान की डायरेक्टर डॉक्टर अंजू बाजपई ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क वास करता है। स्वास्थ्य को सबसे बड़ा धन माना गया है क्योंकि एक स्वस्थ शरीर और मन ही हमें जीवन में खुश और सफल बना सकते हैं। पौष्टिक संतुलित आहार हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदे प्रदान करता है। यह हमारे इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत करता है। वजन को नियंत्रित करने में मदद करता है व हमारे मस्तिष्क को शक्ति प्रदान करता है। शिक्षाविद डॉक्टर पी के बाजपई ने कहा कि बच्चों की अच्छी सेहत उनके उज्जवल भविष्य की नींव है। सही पोषक तत्वों के संयोजन से अपने शरीर को पौष्टिक करना न केवल अपने शारीरिक स्वास्थ्य का समर्थन है, बल्कि मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक संतुलन को बनाए रखना भी है। संतुलित आहार एक ऐसा आहार है जो समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है। जिसमें प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज उचित मात्रा में शामिल होते हैं। यह ताजे फलों और सब्जियों को प्रोसेस्ड फूड्स और ड्राई फ्रूट्स से प्राप्त किए जा सकते हैं। मौके पर उत्थान संस्थान के प्रधानाचार्य रविंद्र मिश्रा, स्वाति ठाकुर, सुमित सोनी, हनी तोमर आदि मौजूद रहे।

# साइक्लोथॉन का पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस यमुनानगर में होगा स्वागत

- विधायक घनश्यामदास अरोड़ा व नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी साइक्लोथॉन साइकिल यात्रा का करेंगे स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। आयोजित बैठक के दौरान साइक्लोथान यात्रा बारे जानकारी देते एसडीएम सोनूराम।

जगाधरी के एसडीएम सोनू राम ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में औद्योगिक इकाइयों व स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक ली। बैठक में साइक्लोथॉन साईकिल यात्रा 2.0 के तहत प्रदेश भर में चल रही साइक्लोथॉन (साइकिल यात्रा) के स्वागत के सभी आवश्यक प्रबंध समय पर पूरे करने की बात कही।

सोनू राम ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आह्वान पर हरियाणा को ड्रग फ्री बनाने के संकल्प के साथ साइक्लोथॉन साइकिल यात्रा 2.0 के तहत प्रदेश भर में चल रही है। उन्होंने बताया कि साइक्लोथॉन यात्रा 19 अप्रैल को सुबह 8.30 बजे दामला से होती हुई 9 बजे पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस यमुनानगर पहुंचेगी। जहां पर यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर चल रहे साइकिल यात्रा के प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत करेंगे। 9.50 बजे संत निरंकारी भवन मॉडल टाऊन, 10.20 बजे एम्बियंस रिजॉर्ट पार्किंग, 10.45 बजे समता योग आश्रम, 11.30 बजे राजकीय विद्यालय पंजेटों, दोपहर 12 बजे पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, दोपहर 12.30 बजे गनौली विद्यालय से होते हुए दोपहर 1 बजे पंचमुखी हनुमान मंदिर ढाकवाला, दोपहर बाद 2.15 बजे शिव चौक बिलासपुर, दोपहर बाद 2.55 बजे जानकी विद्यालय मारवाकलां से होते हुए बाबा बंदा सिंह बहादुर चौक पर साइक्लोथॉन यात्रा दोपहर बाद 3.30 बजे पहुंचेगी। इसके बाद नारायणगढ़ में प्रवेश करेगी। एसडीएम ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य हरियाणा को नशा मुक्त बनाना है।

# राष्ट्र निर्माण में चिकित्सकों की भूमिका पर गोष्ठी आज

**यमुनानगर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संपर्क विभाग के तत्वावधान में शनिवार को शहर के जिमखाना क्लब में चिकित्सक गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राष्ट्र निर्माण में चिकित्सकों की भूमिका विषय पर विचार विमर्श होगा। गोष्ठी में समाजसेवी विंकेश मित्तल मुख्यातिथि के रुप में भाग लेंगे। वहीं, जिला संघचालक जगाधरी डॉ. रमेश धारीवाल मुख्य वक्ता होंगे और डॉ.प्रतीक गुप्ता संयोजक की भूमिका अदा करेंगे।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रतीक गुप्ता ने बताया कि राष्ट्र निर्माण में चिकित्सकों की अहम भूमिका है। भगवान के बाद अगर किसी को जीवनदायी माना गया है तो वह डॉक्टर है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों पर समाज की दोहरी जिम्मेदारी है। वे अपने परिवार के साथ साथ समाज की भी सेवा करते हैं। डॉक्टर अपने प्रोफेशन के साथ मेहनत से कार्य कर रहे हैं। तभी लोग स्वस्थ जीवन यापन कर रहे हैं। डॉ. प्रतीक गुप्ता ने कहा कि कोविड काल में डॉक्टर्स की भूमिका अतुलनीय रही है। मरीजों के ईलाज के दौरान उन्होंने खुद व परिवार की परवाह किए बिना दिनरात लोगों की सेवा की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जगाधरी यमुनानगर जिले के डॉक्टरों से संपर्क किया जा रहा है।

# एआई और एमएल हमारे दैनिक जीवन में ला रहे हैं क्रांतिकारी बदलावः ठाकुर

- ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नाचरौन में ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। ग्लोबल रिसर्च शिक्षण संस्थान में आयोजित ऑनलाइन कार्यशाला में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (ग्रिम्ट) नाचरौन (रादौर) में शुक्रवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं मशीन लर्निंग (एमएल) विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रुप में मार्केटिंग सॉफकॉन से बिजनेस डेवलेपमेंट एग्जीक्यूटिव नीरज ठाकुर ने भाग लिया। वहीं, अध्यक्षता सीएसई एचओडी कोलम आहूजा ने की।

मुख्य वक्ता नीरज ठाकुर ने ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के इतिहास, वर्तमान उपयोग तथा भविष्य की संभावनाओं पर जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को यह समझाने का प्रयास किया कि कैसे एआई और एमएल हमारे दैनिक जीवन, व्यवसाय, स्वास्थ्य, शिक्षा और इंडस्ट्री जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहे हैं। कार्यशाला में बीटैक, बीसीए,पॉलीटेक्निक और अन्य तकनीकी पाठ्यक्रमों से जुड़े विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता नीरज ठाकुर ने मौके पर विषय से संबंधित अनेक जिज्ञासाओं को स्पष्ट किया। उन्होंने एआई मॉडल्स, डेटा एनालिसिस, एल्गोरिद्म डिजाइनिंग और मशीन लर्निंग के विभिन्न एप्लिकेशन के बारे में विशेष जानकारी दी। संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने कहा कि संस्थान का हमेशा प्रयास रहता है कि विद्यार्थियों को ना केवल सैद्धांतिक ज्ञान मिले, बल्कि उन्हें उद्योग से जुड़े व्यावहारिक अनुभव और तकनीकी कौशल भी प्रदान किया जाए। इस कार्यशाला में विद्यार्थी नई तकनीकों से रूबरू हुए हैं। जो उनके करियर के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगी।

# संविधान सम्मान स्वाभिमान समारोह का कल होगा आयोजन

**यमुनानगर।** संविधान निर्माता भारत रतन बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान में 20 अप्रैल को शहर के श्री गुरू रविदार मंदिर धर्मशाला में जिलास्तरीय संविधान सम्मान स्वाभिमान समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस भव्य समारोह की तैयारियों को लेकर पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका की अध्यक्षता में शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और गणमान्य की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मेयर सुमन बहमनी भी मौजूद रही।

पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका ने बताया कि बैठक में समारोह स्थल पर बैठने, संबोधन, स्टेज व्यवस्था समेत विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समारोह को जनजागृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनाते हुए भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं है। बल्कि यह सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। हमें डॉ. अंबेडकर द्वारा दिए गए अधिकारों की रक्षा करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। मौके पर मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि बाबा साहेब डा. अंबेडकर का योगदान केवल संविधान निर्माण तक सीमित नहीं था।

# विद्यार्थियों को दी आरगेनिक कैमेस्ट्री की जानकारी

## मुकंदलाल नेशनल कालेज में एनालिटिकल टैक्नीक्स पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

मुकंदलाल नेशनल कालेज यमुनानगर के रसायन विज्ञान विभाग एवं करियर काउंसलिंग व प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में एनालिटिकल टैक्नीक्स विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रुप में सीपीपीआरआई सहारनपुर के निदेशक डॉ. आशीष शर्मा ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनिल धवन ने की।

मुख्य वक्ता डॉ. आशीष शर्मा ने विद्यार्थियों को आरगेनिक कैमेस्ट्री की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में आने वाली चुनौतियों से रूबरू होने का ज्ञान करवाया। इस दौरान छवी ने जल में पाए जाने वाले विभिन्न तत्वों जैसे पीएच लेवल, टीएसएस,टीडीएस आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं, डॉ. संजीव अरोड़ा ने विद्यार्थियों को रोजगार के अवसरों से अवगत करवाया और एनालिटिकल टैक्नीक्सश को प्रायोगिक तरीके से विस्तार से समझाया। कॉलेज प्रिंसीपल डॉ. अनिल धवन ने इस एक दिवसीय कार्यशाला के सफल आयोजन पर सभी आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने मुख्य वक्ता समेत सभी वक्ताओं को स्मृतिचिन्ह व पुष्प गुच्छा भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर प्रो.मनजीत रानी व डॉ. नित्या कौशिक आदि मौजूद रहे।

# निर्धारित मानदंडो के अनुसार सुचारू रूप से मंडियों में खरीदी जा रही है गेहूंः गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



जिला की सभी अनाज मंडियों में सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा गेहूं की खरीद निर्धारित मानदंडों के अनुसार सुचारू रूप से खरीदी जा रही है। सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा अनाज मंडियों में 2425 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीद की जा रही है। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बातचीत करते हुए दी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि अभी तक चालू रबी सीजन के दौरान जिला स्थित तेरह अनाज मंडियों में एक लाख 30 हजार 824 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 44 हजार 455 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 70 हजार 376 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउस कारपोरेशन द्वारा 9 हजार 179 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।सरस्वती नगर अनाज मंडी में खरीदी गई सर्वाधिक गेहूं उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला की विभिन्न अनाज मंडियों में सर्वाधिक 22 हजार 644 मीट्रिक टन गेहूं सरस्वती नगर अनाज मंडी में खरीद गई है। जबकि यमुनानगर अनाज में सबसे कम कुल 155 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी गई है। वहीं, बिलासपुर अनाज मंडी में 17 हजार 857 मीट्रिक टन, छछरौली मंडी में 13 हजार 659 मीट्रिक टन,गुमथला राव मंडी में 3 हजार 458 मीट्रिक टन, जगाधरी मंडी में 17 हजार 977 मीट्रिक टन, जठलाना मंडी में 2 हजार 76 मीट्रिक टन, खारवन मंडी में 1677 मीट्रिक टन, प्रताप नगर मंडी में 13 हजार 692 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदारी हो चुकी है।

### जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में उद्योग आधारित सत्र का आयोजन

# व्यावहारिक ज्ञान के साथ किया छात्रों का मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर । जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यशाला में बोलती वक्ता।

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग व सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से उद्योग आधारित सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माइंडकोड लैब्स मोहाली के सहयोग से ऐप एवं वेब विकास पर संवादात्मक, उद्योग आधारित सत्र का आयोजन किया गया।

इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ वर्तमान तकनीकी प्रथाओं का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। माइंडकोड लैब्स की विशेषज्ञ टीम में किरण, कृति गर्ग, प्राची आदि मौजूद रही। कार्यक्रम में एचटीएमएल (हाइपरटेक्स्ट मार्कअप भाषा), सीएसएस (कैस्केडिंग स्टाइल शीट्स) तथा बूटस्ट्रैप का प्रयोग कर उत्तरदायी वेब पृष्ठ डिजाइन, फ्रंटएंड एवं बैकएंड एकीकरण के साथ वास्तविक समय उदाहरण, गिट एवं गिटहब के माध्यम से संस्करण नियंत्रण, मोबाइल ऐप विकास की मूल बातें, यूआई यूएक्स सिद्धांत और एपीआई (अनुप्रयोग प्रोग्रामिंग इंटरफेस) का प्रबंधन, करियर योजना एवं परियोजना आधारित अधिगम रणनीतियाँ आदि पर प्रकाश डाला गया। संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के तकनीकी सत्र विद्यार्थियों को बदलती तकनीकी दुनिया के लिए न केवल तैयार करते हैं, बल्कि उन्हें प्रेरित भी करते हैं। उन्होंने विभागीय प्रयासों एवं उद्योग विशेषज्ञों के योगदान की भी सराहना की। यह आयोजन जेएमआईटी की व्यावहारिक शिक्षा, तकनीकी नवाचार तथा कौशल विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो विद्यार्थियों को आज की डिजिटल दुनिया में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए सक्षम बनाता है।

### ये रहे मौजूद

मौके पर सुश्री दित्य मोंगा, डॉ.गौरव शर्मा, डॉ.विकास जुनेजा, डॉ.सविता शर्मा, डॉ.गगनप्रीत व कपिल देव आदि मौजूद थे।

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का शीघ्र करें निपटानः सीटीएम

- नगराधीश पीयूष गुप्ता ने समाधान शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। आयोजित समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए सीटीएम पीयूष गुप्ता।

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा जिला सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगराधीश पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनका शीघ्र समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं का अधिकारी मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास करें। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें।

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे हैं। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। समय पर समाधानए समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी के साथ यह शिविर आज गुड गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं।

# धर्म और समाज की रक्षा के लिए श्रीगुरु तेग बहादुर महाराज ने न्यौछावर किया सर्ववंश : मुख्यमंत्री सैनी

## मुख्यमंत्री सैनी ने गांव बीड मथाना में श्रीगुरु तेग बहादुर द्वार का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने धर्म और समाज की रक्षा के लिए अपना सर्ववंश न्यौछावर कर दिया। इस बलिदान और त्याग को हमेशा अपने जहन में याद रखने की जरूरत है। इस समाज के नागरिकों को श्री गुरु तेग बहादुर जी के आदर्शों, शिक्षाओं और वाणी को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को गांव बीड मथाना में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से श्री गुरु तेग बहादुर महाराज जी के प्रकाश पर्व पर श्री गुरुद्वारा सिंह सभा में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने गांव बीड मथाना के प्रवेश पर श्रीगुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बीड मथाना की तरफ से श्री गुरु तेग बहादुर द्वार का उद्घाटन किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गांव के श्री गुरुद्वारा सिंह सभा में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को माथा टेका और प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिए अरदास की है। इस प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा सिंह सभा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरपाल सिंह, गुलजार सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सरोपा, स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को 11 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को प्रकाश पर्व की लख-लख बधाई देते हुए कहा कि पूरे विश्व में श्री गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने धर्म और समाज की रक्षा के लिए अपना सर्ववंश वार दिया। आज हिन्द की चादर श्रीगुरु तेग बहादुर की शिक्षाओं, आदर्शों को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत है। इस पावन पर्व पर बीड मथाना में श्री गुरु तेग बहादुर जी की यादों को हमेशा तरो ताजा रखने के लिए प्रवेश द्वार का निर्माण किया गया है।



कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को स्मृति चिन्ह भेंट गुरुद्वारा सिंह सभा प्रबंधक कमेटी के प्रधान व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### कुरुक्षेत्र में संग्रहालय का निर्माण होगा

उन्होंने कहा कि श्रीगुरु तेग बहादुर कुरुक्षेत्र से इसी मार्ग से होते हुए लौहगढ़ पहुंचे थे। सरकार ने श्रीगुरु तेग बहादुर के साथ-साथ सभी गुरुओं की वाणी और इतिहास को संजोने के लिए कुरुक्षेत्र में भव्य और सुंदर संग्रहालय का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने पानीपत की धरा पर श्री गुरु तेग बहादुर जी का 400 साला प्रकाश पर्व मनाया था और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किला नई दिल्ली पर प्रकाश पर्व मनाया था। यह सरकार गुरुओं की वाणी और शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस सरकार ने सिरसा में जहां गुरु नानक देव जी महाराज जी ने 40 दिन रहकर तपस्या की और समाज को शिक्षाएं दी, उसी जगह चिल्ला साहिब गुरुद्वारा साहिब के नाम बिना पैसे के सारी जमीन नाम करवाने का काम किया, बाबा बंदा सिंह बहादुर के नाम पर कुरुक्षेत्र में द्वार का निर्माण किया और बकायदा मार्ग का नाम भी बाबा बंदा सिंह बहादुर के नाम से रखा गया।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

इस प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिला अध्यक्ष तजेन्द्र सिंह गोल्डी, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, भाजपा के वरिष्ठद नेता सुभाष कलसाना, पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील राणा को भी सरोपा भेंट किया। इस मौके पर सरपंच देवी दयाल, प्रधान हरपाल सिंह, गुलजार सिंह, नरेन्द्र सिंह, सुरमुख सिंह, राजेन्द्र सिंह, सुरजीत सिंह, सतप्रकाश, हरमेश सिंह, अमरेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, मास्टर सतप्रकाश सैनी, गुरु चरण सिंह, ब्लॉक समिति सदस्य बचन सिंह, जिंदर सिंह आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### 'वाह जिंदगी वाह' का आयोजन 20 से शुरू

**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्माकुमारीज शाहबाद मारकंडा एवं समाजसेवा प्रभाग द्वारा 8 दिवसीय कार्यक्रम 'वाह जिंदगी वाह' का आयोजन 20 से 27 अप्रैल तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज : मुख्यालय माउंट आबू से अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर एवं ट्रेनर राजयोगी डॉ. ई. वी. स्वामीनाथन 'खुशहाल दिन-चैन की नींद' विषय पर जीवन यापन के महत्वपूर्ण टिप्स देंगे। यह जानकारी बह्माकुमारीज : प्रभु अनुभूति भवन अटारी कॉलोनी शाहाबाद की प्रभारी राजयोगिनी बी.के. नीति दीदी ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को यह बताना है कि खुशियां आपका इंतजार कर रही है, बस आपने अपनी दिनचर्या में मात्र कुछ परिवर्तन करने है।



### प्रकाश पर्व पर लगाया फ्री मेडिकल कैंप

**कुरुक्षेत्र।** श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व पर मॉर्डन पैथोलॉजी लैबोरेटरी कुरुक्षेत्र की ओर से फ्री मेडिकल कैंप गुरुद्वारा साहिब पातशाही नौंवी झांसा रोड में लगाया गया। जानकारी देते हुए आयोजक डॉ लवप्रीत सिंह ने बताया कि कैंप में फ्री ब्लड शुगर, हैमोग्राम और भी जरूरतमंद मरीजों के टेस्ट फ्री किये गए। इस कैंप में सिर दर्द, रीढ़ की हड्डी रोग, माइग्रेन, ब्रेन ट्यूमर, सर्वाइकल, गर्दन का दर्द, घुटनों के दर्द, हाथों व पैरों का सूनापन, मनकों का हिलना, मिर्गी के दौरे, स्त्री रोग व निस्तान दम्पत्ति, दांतो का इलाज संबंधित बीमारियां चिकित्सकों के द्वारा निशुल्क किया गया।

### एचकेआरएन कर्मियों को हटाने का निर्णय गलत

**कुरुक्षेत्र।** युवा नेता डा. जसविंर खैहरा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से कार्यरत हजारों कर्मचारियों को अचानक सेवा से हटाने का निर्णय न केवल प्रशासनिक दृष्टि से अनुचित है, बल्कि यह मानवीय संवेदनाओं के भी खिलाफ है। खैहरा ने कहा कि यह निर्णय उन हजारों परिवारों की रोजी-रोटी पर सीधा प्रहार है जो वर्षों से अपनी मेहनत और लगन से प्रदेश की विभिन्न सरकारी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने में अहम भूमिका निभा रहे थे। एचकेआरएन के माध्यम से नियुक्त कर्मचारी आज शिक्षण, स्वास्थ्य, प्रशासनिक, तकनीकी सहित कई क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे हैं। ये वही कर्मचारी हैं जिन्होंने कोविड जैसी महामारी के दौरान अपनी जान की परवाह किए बिना जनसेवा की। सरकार ने जिन हाथों ने मुश्किल समय में उसे सहारा दिया, उन्हीं हाथों को अब बेरोजगारी की ओर धकेल दिया है। यह न केवल नैतिक रूप से गलत है बल्कि सरकार की संवेदनहीनता को भी दर्शाता है।



## आयुर्वेद के चिकित्सक अब ब्रांड अंबेसडर बनकर विश्व तक पहुंचाएंगे भारत की प्राचीन आयुर्वेद पद्धति को : बंडारु

# श्रीकृष्ण आयुष विवि के पहले दीक्षांत समारोह में 126 को उपाधि, 26 उपाधि धारकों को स्वर्ण दिया

### राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह की स्मारिका का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने कहा कि श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह से डिग्री हासिल करने वाले चिकित्सक अब पूरे विश्व में भारत की प्राचीन आयुर्वेद पद्घति को पहुंचाएंगे। इस प्राचीन आयुर्वेद पद्घति की आज पूरे विश्व के स्वास्थ्य जगत में मांग है। इतना ही नहीं आने वाले समय में आयुर्वेद के क्षेत्र में आपार संभावनाएं है। राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय शुक्रवार को श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में आयोजित प्रथम दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने विश्वविद्यालय के 9 करोड़ 50 लाख की लागत से निर्मित आडोटोरियम हॉल का शुभारंभ किया। इसके उपरांत राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय,आयुष विभाग भारत सरकार के सचिव पदम श्री वैद्य राजेश कोटेचा, शासी निकाय राष्टीय आयुर्वेद विद्यापीठ नई दिल्ली के अध्यक्ष पदम भूषण वैद्य देवेन्द्र त्रिगुणा, श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान ने दीप शिखा प्रज्ज्वलित करके विधिवत रूप से प्रथम दीक्षांत समारोह का शुभारंभ किया। इस दीक्षांत समारोह में राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय की उपस्थिति में 126 विद्यार्थियों को स्नातक व स्नातकोत्तर की डिग्री देकर सम्मानित किया, इनमें से 26 उपाधि धारकों को स्वर्ण पदक से भी सम्मानित किया है। राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने कहा कि भगवान धन्वंतरी आयुर्वेद के जनक है। वे हिंदू धर्म में चिकित्सा के देवता और आयुर्वेद के प्रवर्तक बताए गए हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, धन्वंतरी भगवान विष्णु के अवतार हैं और समुद्र मंथन के दौरान क्षीर सागर से अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। उनके चार हाथों में शंख, चक्र, औषधि और अमृत कलश थे। उन्होंने कहा कि चिकित्सा पद्धतियों में आयुर्वेद का महत्वपूर्ण स्थान है। प्राचीन काल में इसी पद्धति द्वारा ईलाज किया जाता था, लेकिन विज्ञान के विकास और चिकित्सा पद्धतियों में हुए अनुसंधान से आयुर्वेद का प्रचलन कम हो गया। पूर्व में इसकी तरफ ध्यान नहीं दिया गया। जब से केन्द्र में मोदी के नेतृत्व में सरकार का गठन हुआ है, तब से इस प्राचीन चिकित्सा पद्धति को महत्व मिलना शुरू हुआ है। दत्तात्रेय ने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी व केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्राचीन चिकित्सा पद्धति के उत्थान के लिए कुरुक्षेत्र में देश का पहला श्रीकृष्ण आयुष विवि स्थापित किया। पंचकूला में लगभग 270 करोड़ की लागत से 250 बिस्तरों वाले राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना की जा रही है।



कुरुक्षेत्र। दीक्षांत समारोह की स्मारिका का विमोचन करते राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय।

### पदम भूषण वैद्य देवेन्द्र त्रिगुणा को डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि से नवाजा

इस दीक्षांत समारोह में शासी निकाय राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ नई दिल्ली के अध्यक्ष एवं गोल्ड पदम भूषण वैद्य देवेन्द्र त्रिगुणा को डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि से नवाजा गया। इस दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह की स्मारिका का विमोचन किया। पदमश्री वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयुर्वेद पद्घति को आगे बढ़ाने का काम किया। जिसके चलते वर्ष 2014 के बाद देश में 10वां विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है। इस आयुर्वेद के क्षेत्र में आपार संभावनाएं है, इस दीक्षांत समारोह में मेडल व डिग्री हासिल करने वाले अधिकतर विद्यार्थियों को सरकारी नौकरियां मिल चुकी है। पदम भूषण वैद्य देवेन्द्र त्रिगुणा ने कहा कि डिग्री हासिल करने वाले चिकित्सकों को अब समाज में जाकर शुद्घ रूप से आयुर्वेद पद्घति से लोगों का इलाज करना चाहिए। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान ने मेहमानों का स्वागत किया और कुलसचिव प्रोफेसर विजेन्द्र सिंह तोमर ने आंगतुकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. रणधीर सिंह, भाजपा के जिला अध्यक्ष तजेन्द्र सिंह गोल्डी, जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर, नप थानेसर चेयरमैन माफी ढांडा, चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, निदेशक डा. प्रीतम सिंह आदि शिक्षक व अधिकारीगण मौजूद रहे।



# बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप : रामलाल सिरसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के तहत एमडीडी आफ इंडिया द्वारा न्याय तक पहुंच अभियान के तहत बाल विवाह रोकथाम, बाल मजदूरी व बाल यौन शोषण को रोकने के लिए एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला सह संयोजक रामलाल सिरसल के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र में न्याय तक पहुंच अभियान के तहत दयालपुर के इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल में बच्चों को जागरूक किया।

एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला सह संयोजक रामलाल सिरसल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है। बाल विवाह लडकी के समग्र विकास को प्रभावित करता है। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पैसे कमाने की क्षमता, व्यक्तिगत सुरक्षा, कानूनी अधिकार शामिल है। अगर हमें बाल विवाह का पता चलता है तो हमें उनकी तुरंत जानकारी अधिकारियों जैसे बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, ग्राम सरपंच, तहसीलदार, बाल विकास परियोजना अधिकारी, स्कूल शिक्षक व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को उपलब्ध करवा सकते हैं। बाल विवाह एक अपराध है और इसमें 2 वर्ष की कैद हो सकती है।



इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल में बच्चों को जागरूक करते एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला सह संयोजक रामलाल सिरसल।

# मेटिरियल साइंस के ड्रीम्स प्रोजेक्ट के लिए कुवि को मिली 10 करोड़ रुपये की ग्रांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में कमेटी रूम में शुक्रवार को अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन विषय पर बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि मेटिरियल साइंस के इस ड्रीम प्रोजेक्ट के माध्यम से शोध के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। उन्होंने ड्रीम प्रोजेक्ट की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के प्रोजेक्ट विभाग एवं विश्वविद्यालय के लिए बहुत उपयोगी व लाभकारी सिद्ध होंगे। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने अनुसंधान परियोजना के वित्तपोषण के मामले में अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन से एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, जिसमें अन्य 6 स्पोक संस्थानों के साथ-साथ आईआईटी-रोपड़ को एक हब संस्थान के रूप में त्वरित नवाचार और अनुसंधान (पीएआईआर) कार्यक्रम अनुदान के लिए अत्यधिक प्रतिस्पर्धी साझेदारी के रूप में शामिल किया गया है। इस अवसर पर नोडल आफिसर प्रो. संजीव अग्रवाल ने इस प्रोजेक्ट की भूमिका एवं भावी योजनाओं के विषय में एक रिपोर्ट कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के समक्ष प्रस्तुत की। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को इस प्रोजेक्ट के लिए आईईटी रोपड़ के साथ 10 करोड़ रुपए की अनुदान राशि मेटिरियल साइंस के ड्रीम्स प्रोजेक्ट पर शोध के लिए मंजूर हुई है। कुवि को यह प्रोजेक्ट आगामी 5 वर्षो के लिए मिला है। इस प्रोजेक्ट का नोडल आफिसर प्रो. संजीव अग्रवाल को बनाया गया है। प्रोजेक्ट में फिजिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, बायोकेमिस्ट्री, पर्यावरण आदि विभागों के शिक्षकों को शामिल किया गया है। इनमें प्रो. फकीर चंद, डॉ. सुमन मेंहदिया, प्रो. मुकेश कुमार, डॉ. मीनाक्षी सुहाग, डॉ. संगीता सैनी शामिल हैं।

### बैठक में ये रहे मौजूद

इस बैठक में कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. आरके मोदगिल, प्रो. राजेश खरब, प्रो. फकीर चंद, डॉ. सुमन मेंहदिया, प्रो. मुकेश कुमार, प्रो. अन्नु शर्मा, डॉ. विनीता भांकर, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, डॉ. सुमन मेंहदिया डॉ. मीनाक्षी सुहाग, डॉ. संगीता सैनी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### गुजरात के राज्यपाल ने गुरुकुल में पढ़ने वाले ब्रह्मचारियों से किया आह्वान



कुरुक्षेत्र। गुरुकुल कुरुक्षेत्र में पढ़ने वाले हर विद्यार्थी के माता-पिता का सपना होता है कि उनके बच्चे का शिक्षा के साथ-साथ चहुंमुखी विकास हो। वह जीवन के हर क्षेत्र में उन्नति करे। यह सब उद्देश्य गुरुकुल कुरुक्षेत्र में पूरे होते हैं। उक्त शब्द आज राज्यपाल गुजरात आचार्य देवव्रत ने गुरुकुल में पढ़ने वाले सभी ब्रह्मचारियों के लिए कहे। उन्होंने कहा कि इस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं। एक कमजोर सोच वाले होते हैं। वह जीवन में कभी तरक्की नहीं कर पाते और एक मजबूत सोच के व्यक्ति होते हैं जो जीवन के हर क्षेत्र अपना लक्ष्य प्राप्त कर तरक्की की ओर अग्रसर रहते हैं। गुरुकुल कुरुक्षेत्र में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के लिए भी पर्याप्त समय दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी को अपने जीवन में महान बनना है तो उसे मेहनत के साथ विद्या ग्रहण करनी चाहिए और यदि उसे सुख की कामना रहेगी तो वह कभी भी विद्या ग्रहण नहीं कर पाएगा न ही जीवन में उन्नति कर पाएगा। वर्तमान में गुरुकुल कुरुक्षेत्र में पढ़ने वाले विद्यार्थी एन.डी.ए., नीट व आई.आई.टी में प्रवेश पाकर अपने माता-पिता और गुरुजनों का नाम रोशन कर रहे हैं। विद्यार्थी की आज की तपस्या उसके सारे जीवन की सुख का साधन है। जीवन में वह विद्या के साथ-साथ अच्छे संस्कार पाकर महान व्यक्ति बनता है। विद्यार्थी को अपने जीवन में सदैव सच का आचरण करना चाहिए चोरी न करना तथा झूठ नहीं बोलना चाहिए। इससे सदैव विद्यार्थी का आत्मबल बढ़ता है। अन्त में आचार्य श्री देवव्रत जी ने गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त करने वाले सभी पुराने व नव प्रविष्ट विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया।

### नशे के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने की आवश्यकता



लाडवा। एसडीएम लाडवा पंकज सेतिया ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। हमें मिलकर नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है। नशे के खिलाफ सरकार की ये मुहिम सराहनीय है। हम सबको एकजुट होकर अभियान के साथ जुड़ना चाहिए। उन्होंने नशे को शरीर, धन और समाज के लिए हानिकारक बताते हुए कहा कि इन विषयों के प्रति समाज में जागरूकता लाना अत्यंत आवश्यक है। हरियाणा प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ निकाली जा रही साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा का करनाल से यमुनानगर जाते समय शुक्रवार को लाडवा विधानसभा के गांव लाठी धनोरा पहुंची, जहां एसडीएम पंकज सेतिया, डीएसपी रणधीर सिंह, नायब तहसील बलकार सिंह, बीडीपीओ रणधीर सिंह व ग्राम सरपंच बलिंद्र सिंह और क्षेत्रवासियों ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर साइक्लोथॉन यात्रा का स्वागत फूल मालाओं पहनाकर व पुष्प वर्षा कर किया और नशे के विरुद्ध अभियान चलाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा बनाने में सरकार के साथ-साथ समाज की भी सक्रिय सहभागिता जरूरी है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से जनता और युवाओं के मन में एक सकारात्मक संदेश जाता है।

### चित्रकला प्रतियोगिता में अवनीत ने मारी बाजी



कुरुक्षेत्र। पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में 30 अप्रैल तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा के अंर्तगत शुक्रवार को कुरूक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में विश्व विरासत दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुरूक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र के शिक्षा अधिकारी जीतेन्द्र कुमार दास ने की। जीतेन्द्र कुमार दास ने इस अवसर पर भारत और हरियाणा की प्राचीन धरोहरों के बारे में विभिन्न स्कूलों से आये विद्यार्थियों को अवगत करवाया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विजडम वर्ल्ड स्कूल, कुरूक्षेत्र की अवनीत, महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल, कुरूक्षेत्र की मानसी शर्मा को द्वितीय पुरस्कार, महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल, कुरूक्षेत्र की किंजल ने तृतीय पुरस्कार, ओ.एस.डी.ऐ.वी. पब्लिक स्कूल, कैथल, के आरव तथा किड प्लेनेट पब्लिक स्कूल के लविश महला, आयन इंटरनेशनल स्कूल, नीलोखेड़ी, की रिशिका गुप्ता, महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल, कुरूक्षेत्र, की अनन्या, विजडम वर्ल्ड स्कूल, कुरूक्षेत्र, कि तानी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी विरासत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में समर्थ गुप्ता, दक्षिता, पार्थ, अर्श, अगरवाल, दिव्यांशु, यशस्वी, आरव, समृद्ध, देव, आद्विक, वृंदा, अक्षधा, आरव, कनिष्का, अभिनव, इतेन केनवाल, विधि सैनी, रूद्र, अंश मदन, अनीशा को विजेता घोषित किया गया।

## श्रीगुरु तेग बहादुर की कुर्बानी दुनिया के लिए अद्वितीय मिसाल : रविंदर कौर

# श्रद्धा से मनाया श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब का प्रकाश पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही नौवीं में धन-धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का 404 साला प्रकाश पर्व श्रद्धाभाव से मनाया गया। प्रकाश पर्व पर महान गुरमत समागम करवाया गया, जिसमें हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की पूर्व कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर अजराना, हरियाणा कमेटी के मैंबर हरमनप्रीत सिंह, बीबी जसबीर कौर मसाना, पूर्व स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना, पूर्व मैंबर परमजीत सिंह मक्कड़, हरविंदर पाल सिंह बिंदू, हरियाणा कमेटी के एडिशनल सैकेटरी राजपाल सिंह दुनियामाजरा, सतपाल सिंह ढाचर, उपसचिव रूपिंदर सिंह व अमरिंदर सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह समेत श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब जी सेवक जत्थे के पदाधिकारियों व भारी गिनती में संगत ने शिरकत की। कार्यक्रम में हरियाणा कमेटी के मैंबर हरमनप्रीत सिंह ने संगत को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए आह्वान किया कि गुरु साहिब के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने गुरु साहिब की शिक्षाओं को भी जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम सब को अपने बच्चों को गौरवमयी सिख व गुरु इतिहास की जानकारी देनी चाहिए।

इसके साथ ही बच्चों को गुरबाणी से जोड़ते हुए उन्हें नितनेम के लिए भी प्रेरित करना चाहिए। पूर्व कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर अजराना ने कहा कि हिंदू धर्म की रक्षा के लिए धन-धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी ने अपने जीवन का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब ने जिस तरह से शारीरिक यातनाओं को सहन करते हुए हिंदू धर्म की रक्षा के लिए कुबार्नी दी, वह दुनिया भर के लिए एक अनोखी मिसाल है। हम सब को गुरु साहिब के जीवन इतिहास की जानकारी अपने-अपने बच्चों को देनी चाहिए और उन्हें धर्म व इंसानियत के प्रति अडिग रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। महान गुरमत समागम में श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब के हजूरी रागी भाई जगतार सिंह व भाई जतिंदर सिंह ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। इसके साथ ही भाई गुरजोत सिंह शाहाबाद मारकंडा वालों ने भी संगत को गुरु इतिहास से जोड़ा, जबकि भाई गुरदेव सिंह भी हजूरी रागी गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी भी शबद कीर्तन किया। पंथ की प्रसिद्ध ढाडी बीबी दलेर कौर खालसा भी संगत के दर्शन करते हुए गुरु इतिहास सांझा किया। समागम में हरमिलाप सिंह धंतौड़ी छोटे से बालक ने श्री गुरु तेग बहादुर हिंद की चादर कविता पेश कर संगत को मंत्रमुगध कर दिया। काबिलेजिक्र है कि यह बालक हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के उपसचिव अमरिंदर सिंह धंतौड़ी के पुत्र हैं। उधर गुरुद्वारा साहिब में दस्तार मुकाबला भी कराया गया, जिसमें श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी सेवक जत्थे द्वारा पहले स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 2100 रुपये, दूसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागी को 1500 रुपये तथा तीसरा स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागी को 1100 रुपये एवं ट्राफी देकर प्रोत्साहित किया गया।



कुरुक्षेत्र। शबद कीर्तन करते श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब के हजूरी रागी।

### गुरु साहिब के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिएः हरमनप्रीत सिंह

कार्यक्रम में हरियाणा कमेटी के मैंबर हरमनप्रीत सिंह ने संगत को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए आह्वान किया कि गुरु साहिब के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने गुरु साहिब की शिक्षाओं को भी जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम सब को अपने बच्चों को गौरवमयी सिख व गुरु इतिहास की जानकारी देनी चाहिए। इसके साथ ही बच्चों को गुरबाणी से जोड़ते हुए उन्हें नितनेम के लिए भी प्रेरित करना चाहिए।

# महावीर पार्क में जल्द शुरू होगी बोटिंग, अधूरे निर्माण को भी किया जाएगा पूरा

- मेयर शैलजा सचदेवा बोली, निगम अधिकारियों को दिए गए निर्देश, 2019 में पूरा होना था निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के महावीर पार्क में छावनी के सुभाष पार्क की तर्ज पर बोटिंग होगी। इसके लिए निगम की ओर से तैयारियां हो रही हैं। जल्द ही पार्क के अधूरे निर्माण कार्य को भी पूरा किया जाएगा। मेयर शैलजा सचदेवा ने कहा कि महावीर पार्क के अधूरे निर्माण को पूरा करने के लिए अधिकारियों को जरुरी निर्देश दे दिए हैं। बता दें कि 2017 में इस पार्क का पुनर्निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन, अभी तक कोई काम रफ्तार नहीं पकड़ा है। इस पार्क को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा घोषणा भी की गई थी। जिसके बाद शुरू हुए महावीर पार्क को नए सिरे से बनाने का काम परवान नहीं चढ़ सका। पार्क का काम सितंबर 2019 तक पूरा होना था लेकिन अभी तक यह काम अधूरा है। इसको लेकर अब मेयर ने इसका काम दोबारा से शुरू कराने का निर्णय लिया है।




### फूड हब लाने की भी योजना

साथ ही पार्क में लोगों के खाने पीने के लिए फूड हब को लाने की भी योजना है। दरअसल, महावीर पार्क में बोटिंग को लेकर लंबे समय से प्रक्रिया चल रही थी। जिसके बाद नवनिर्वाचित मेयर ने अब बोटिंग को शुरू कराने के लिए किवायत तेज कर दी। अब बोटिंग शुरू होनी है। छावनी के सुभाष पार्क की तर्ज पर यहां भी लोग बोटिंग का लुत्फ उठा सकेंगे। पार्क में लोगों की आवाजाही शुरू हो गई है। पार्क लोगों के लिए नगर निगम की ओर से खोल दिया गया है।

### स्वच्छता पर भी दिया जाएगा ध्यान

मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने कहा कि पार्क को लेकर बजट में पहले ही राशि का प्रावधान कर दिया गया है और महावीर पार्क को पहले जैसा साफ स्वच्छ बनाने के लिए उनकी चर्चा काफी समय से होती रही है।

**पार्क में शुरू होगी बोटिंग:** महावीर पार्क में नगर निगम की ओर से बोटिंग शुरू करवाई जाएगी। जिसके लिए कंपनी को टेंडर दे दिया गया है और आने वाले सोमवार से ही पार्क के तालाब में 2 मोटर बोट और 8 पैडल बोट के साथ कंपनी अपनी गतिविधि का ट्रायल शुरू कर देगी। ट्रायल के बाद जैसे ही सारे इंतजाम और ट्रायल रन की रिपोर्ट कंपनी देगी, उसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से महावीर पार्क में बोटिंग का उद्घाटन करवाया जाएगा। इसके साथ ही पार्क में बोटिंग के साथ-साथ फव्वारों को चलवाने का काम भी शुरू करवाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 148343.3 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले में 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर सरकारी व अन्य एजेंसियों द्वारा अब तक 148343.3 मीट्रिक टन गेहूं को खरीद लिया गया है। इन मंडियों में अब तक 25361 किसान गेहूं लेकर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा इन मंडियों में एजेंसियों द्वारा गत दिवस तक 36.3 प्रतिशत के साथ 53887 मीट्रिक टन गेहूं के उठान कार्य को पूरा कर लिया है। उपायुक्त ने सभी एजेंसियों के अधिकारियों को गेहूं उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश देते हुए कहा कि मंडियों से गेहूं खरीदने के बाद लिफ्टिंग के कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए।

### जागरूकता शिविर का आयोजन

**नारायणगढ़।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा उपमण्डल के गांवों व स्कूलों में फसल अवशेष प्रबंधन के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. नरेश ने बताया कि स्कूलों व कॉलेजों में फसल अवशेष प्रबंधन के तहत बच्चों को जागरूक किया गया।राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. नरेश व विषय विशेषज्ञ डॉ. दीपक कुमार द्वारा बच्चों को जागरूक किया गया।

### जिम की नई रूप में शुरुआत

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्राओं के शारीरिक स्वास्थ्य और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए जिम की नई रूप में शुरुआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक उपयुक्त वातावरण प्रदान करना है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जिम को नए उपकरणों से सुसज्जित किया गया है और इसके संचालन के लिए एक निरीक्षक की नियुक्ति भी की गई है।

### कल प्रवेश करेगी साइकिल यात्रा

**नारायणगढ़।** हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर साइकिल यात्रा शनिवार को उपमंडल में प्रवेश करेगी। यह साइकिल यात्रा जिला यमुनानगर से उपमंडल में पहुंचेगी। इसका जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। एसडीएम शाश्वत सांगवान ने बताया कि नशा मुक्ति अभियान को लेकर यह यात्रा 5 अप्रैल से हिसार से शुरू हुई है। जोकि प्रदेश के सभी 22 जिलों को कवर करेगी।

### अफसरों को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

# वार हीरोज खेल स्टेडियम की जांच में मिली खामियां, राज्यमंत्री ने जताई नाराजगी

- गौतम बोले, राज्य सरकार की ओर से खिलाड़ियों को दी जा रही हैं बेहतरीन सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

खेल राज्यमंत्री गौरव गौत्तम ने शुक्रवार को अंबाला छावनीके वार हीरोज खेल स्टेडियम का निरीक्षण किया। जांच के दौरान स्टेडियम में कई गंभीर खामियां मिली। इसको लेकर उन्होंने अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए।

यहां मीडिया से बातचीत करते हुएए मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में खिलड़ियों को खेल जगत के तहत बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। अंबाला के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में भी खिलाडियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही हैं। यहां पर खेल से जुड़ी सुविधाएं हैं उनका प्रदेश के अन्य खेल स्टेडियमों में भी अनुसरण किया जाएगा। इससे पहले यहां पहुंचने पर खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम का डीएसओ राजबीर सिंह, नायब तहसीलदार सुनील कुमार, प्रिंसिपल आईटीआई भूपेंद्र सांगवान, कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग रितेश अग्रवाल, प्रिंसिपल मूलचंद आईटीआई ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया।

गौतम ने सबसे पहले जिम्नास्टिक हाल का जायजा लिया। यहां पर खिलाड़ियों को जो सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है उसकी जानकारी ली। इसके उपरांत उन्होंने ऑल वेदर स्वीमिंग पूल के साथ-साथ फुटबाल स्टेडियम का भी जायजा लिया। उन्होंने डीएसओ से खेल स्टेडियम से जुड़ी सभी सुविधाओं पर विस्तार से बातचीत की। फुटबाल स्टेडियम को हैंड ओवर करने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि विभाग से बातचीत करके इस कार्य को किया जाएगा। ईडी द्वारा कांग्रेस के खिलाफ जो चार्जशीट दायर की गई है उस प्रश्न का उत्तर देते हुए खेल राज्य मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के जो पाप निकलकर सामने आ रहे हैं। उसे भुगतना होगा और कांग्रेस जिस प्रकार से देश व अन्य प्रदेश में भ्रष्टाचार में डुबी हुई थी, उस पर ईडी ने जो एक्शन लिया है वह सही है। जब सही कार्य होता है तो वह तिलमिला जाती है। कांग्रेस द्वारा जो सांकेतिक प्रदर्शन किया जा रहा है उनको भी पता है उन्होंने पाप किए हैं।


अंबाला। खेल स्टेडियम का मुआयना करते खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम। फोटो: हरिभूमि

# आग से पांच एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

तेपला गांव के खेतों में रात करीब 12 बजे आग लग गई। आग की ऊंची लपटें देख कर आस- पास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और मदद के लिए ग्रामीणों को बुलाया। सूचना मिलने पर ग्रामीण भी अपने ट्रैक्टर ट्राली लेकर पहुंचे और खेत की मिट्टी को काटकर आग पर किसी तरह से काबू पाया।

मगर तब तक करीब पांच एकड़ में गेहूं की फसल जलकर राख हो गई थी। प्रत्यक्षदर्शी किसान रोहित ने बताया कि रात 12 बजे जैसे ही उन्हें पता चला कि खेतों में आग लगी है तो वे दौड़कर गांव की ओर भागे और ग्रामीणों को मदद के लिए बुलाने पहुंचे। सवा 12 बजे किसी तरह ग्रामीण खेतों में पहुंचे और आग पर काबू पाने में जुट गए।

साढ़े 12 बजे उन्होंने दमकल विभाग के अधिकारियों को फोन किया। जिसके चलते करीब एक बजे फायर विभाग की गाड़ियां वहां पर पहुंची। तब तक किसानों ने ही ट्रैक्टर और हैंरो की मदद से आग पर काबू पा लिया था। तेज हवा चलने के आग पर काबू पाने में करीब एक घंटा लग गया।

दमकल विभाग की गाड़ियां आने के बाद डॉयल 112 की टीम भी मौके पर पहुंची। आग के कारण पांच एकड़ में फसल व फाने जलकर राख हो गए। गौरतलब है कि इससे पहले भी नग्गल क्षेत्र में कई एकड़ फसल जलकर राख हो गई थी। जबकि फायर ब्रीगेड की गाड़ी को नग्गल तक पहुंचने में काफी समय लग गया।

**ग्रामीणों ने खुद बुझाई आग**



# दवाई लेकर लौट रही महिला की सड़क दुर्घटना में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

- पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

गांव जलुबी की एक बुजुर्ग महिला की एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से मौत हो गई। यह हादसा जलूबी बस अड्डा के पास सड़क पार करने के दौरान हुआ। बेटे भगवत दयाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 अप्रैल को उनकी मां करेशनी देवी (72) सुबह करीब 10 बजे गांव जलूबी से शाहबाद की 'लाइफ केयर क्लीनिक' में दवाई लेने गई थीं।

काम करने वाले उनके पोते शिवनाथ ने दोपहर करीब 1 बजे फोन कर बताया कि उसने दादी को दवाई दिलवाकर बराड़ा वाली बस में बिठा दिया है। वो बस से जलूबी पहुंच रही है। भगवत दयाल अपनी कार लेकर मां को लेने गांव के बस अड्डे पर पहुंचे। जैसे ही उनकी मां बस से उतरकर सडक़ पार कर रही थी तो शाहबाद की ओर से आई एक तेज़ रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बुजुर्ग महिला सड़क पर गिर गई। उनके मुंह से खून निकलने लगा।

हादसे के बाद कार चालक अपना मोबाइल नंबर देकर चला गया। हादसे में महिला की छाती की हड्डी टूटकर अंदर की ओर धंस गई थी। एमएमयू अस्पताल में उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हरियाणवी लोक संस्कृति परंपराओं का होगा प्रचार

- छात्र सीखेंगे हरियाणवी लोक नृत्य कला
- अंबाला छावनी के बाल भवन में शुरू हुई पंद्रह दिवसीय लोक नृत्य कार्यशाला


हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

कला एव सांस्कृतिक कार्य विभागव जिला बाल कल्याण परिषद, अंबाला द्वारा संयुक्त रूप से लघु बाल भवन अंबाला छावनी में 15 दिवसीय हरियाणवी लोक नृत्य कार्यशाला का आरंभ किया गया। इसका मकसद हरियाणवी लोक संस्कृति परम्पराओं का प्रचार-प्रसार करना है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर के निर्देशानुसार कार्यशाला का आरंभ विश्वास मलिक, जिला बाल कल्याण अधिकारी द्वारा दीपशिखा प्रज्जवलित कर बच्चों को अपनी सांस्कृति विरासत का पहरेदार बनने का आह्वान किया। विश्वास मलिक ने बताया की लघु बाल भवन, अंबाला छावनी में इन बच्चों को हरियाणवी लोक नृत्य का प्रशिक्षण निशुल्क दिया जाएगा। बुध राम, प्रशिक्षक द्वारा बच्चों को इस कार्यशाला के माध्यम से समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। इस शिविर में बाल भवन प्रोजेक्ट्स के बच्चे, कौशल विकास केंद्र तथा ओपन शेल्टर होम के बच्चे भी प्रशिक्षण लेंगे। इस अवसर पर निदेशक, कला एवं सांस्कृति विभाग से अनुरोध किया कि ऐसी लोक नृत्य कार्यशाला का आयोजन पूरे प्रदेश स्तर पर किया जाना चाहिए ताकि हरियाणा की समृद् सांस्कृतिक विरासत का भरपूर प्रचार-प्रसार हो सके।

जिला बाल कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया की जिला बाल कल्याण परिषद, अंबाला द्वारा बाल भवन में 15 अप्रैल से 30 जून, 2025 तक हाबी कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बच्चों को नृत्य, ड्रॉइंग, जूडो कराटे, स्कैटिंग, संगीत, योग व मेडिटेशन का प्रशिक्षण अनुभवी अध्यापकों द्वारा दिया जाएगा। इस अवसर पर दीपेश कुमार, अशोक कुमार, सोहन लाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।



अंबाला। कार्यशाला का शुभारंभ करते अधिकारी व हिस्सा लेने वाले बच्चे। फोटो: हरिभूमि


अंबाला। मुख्य वक्त को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. देशराज बाजवा। फोटो: हरिभूमि

## छात्रों को गणितीय समस्याओं को हल करने के लिए नए व रोचक तरीके सिखाए गए

**अंबाला।** अंबाला छावनी स्थित गवर्नमेंट पीजी कॉलेज के गणित विभाग द्वारा एक दिवसीय 'वैदिक गणित' पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैदिक गणित की प्राचीन तकनीकों से परिचित कराना और गणना की सरल व तीव्र विधियों को समझाना था, जिससे उनकी गणितीय दक्षता और आत्मविश्वास में वृद्धि हो सके। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. देश राज बाजवा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि वैदिक गणित न केवल गणना की गति बढ़ाता है, बल्कि छात्रों में तार्किक एवं विश्लेषणात्मक सोच को भी प्रोत्साहित करता है।इस कार्यशाला में डॉ. राजेश कुमार, सहायक प्रोफेसर, जीएमएन कॉलेज ने मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने वैदिक गणित के विभिन्न सूत्रों, उनके अनुप्रयोगों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में इनकी उपयोगिता पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सत्र संवादात्मक एवं व्यावहारिक रहा, जिससे छात्रों को गणितीय समस्याओं को हल करने के नवीन और रोचक तरीके सीखने को मिले। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य द्वारा मुख्यअतिथि को प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी सैनी के कुशल नेतृत्व में प्रो. दीपक कुमार, प्रो. नेहा रानी, प्रो. पूजा नागपाल, प्रो. प्रीति का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में छात्र समन्वयक की भूमिका अंजलि ने निभाई। यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रही और उनकी गणितीय सोच को नई दिशा देने में सफल रही।

# साहित्यिक महोत्सव में रचनात्मक अभिव्यक्ति के जादू का जमकर मनाया जाएगा जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के आम्रपाली रिसॉर्ट्स में शनिवार को बहुप्रतीक्षित लिटरेरिया - अंबाला साहित्य महोत्सव का आयोजन होगा। यहां साहित्य, कहानी कहने और रचनात्मक अभिव्यक्ति के जादू का जश्न मनाएगा। दिन भर चलने वाले इस कार्यक्रम में पूरे भारत से लेखक, कवि और कलाकार शामिल होंगे।

महोत्सव की शुरुआत महोत्सव निदेशक डॉ. सोनिका सेठी के संबोधन से होगी। इसके बाद प्रसिद्ध कवि डॉ. माधव कौशिक का मुख्य सत्र 'कविता, कहानी और जीवन' होगा। दिन भर के सत्रों में डॉली गुलेरिया, मंजिरी प्रभु, हर्षाली सिंह, मोना वर्मा, राजेंद्र कनौजिया और बलकार सिद्धू जैसी लोकप्रिय आवाज़ों पर प्रकाश डाला जाएगा।

इसके अलावा थ्रिलर, स्मृति लेखन, संस्कृतियों में कहानी कहने और मंच अनुकूलन के बारे में भी बातचीत होगी। सत्र के साथ-साथ स्कूली बच्चों के लिए एक विशेष थिएटर कार्यशाला भी चलेगी, जो युवा प्रतिभागियों को प्रदर्शन और रचनात्मकता की दुनिया से परिचित कराएगी।

अपने दृष्टिकोण को साझा करते हुए, डॉ. सोनिका सेठी ने कहा, लिटरेरिया सिर्फ एक साहित्यिक महोत्सव नहीं है; यह शब्दों के साथ जुड़ने, विचारों को सांझा करने और प्रेरित करने की शक्ति के लिए एक श्रद्धांजलि है। ऐसी विविध आवाजें लाने पर हम भी गर्व कर सकेंगे।

# 5 अवैध हथियारों के साथ आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

- दो जिंदा कारतूस भी मिले

थाना महेशनगर क्षेत्र के गांव मंगलई के पास निमार्णाधीन फ्लाईओवर के नीचे से सीआईए-1 ने आरोपी जैद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पांच अवैध हथियारों के साथ दो जिंदा कारतूस भी जब्त किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। उसे पांच दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईए-1 के इंस्पेक्टर हरजिंद्र सिंह ने बताया कि 17 अप्रैल 2024 को सीआईए-1 को सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध हथियार बेचने का कार्य करता है। वह अवैध हथियार बेचने के लिए गांव मंगलई फ्लाई ओवर के नीचे खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत रेड कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने के बाद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हथियार जब्त किए। अब पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है।



### मुख्य सचिव ने वीसी के जरिए प्रशासनिक अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

# नशाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए अधिकारी गंभीरता से करें काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने शुक्रवार को वीसी के माध्यम से नशे जैसी भयंकर बीमारी पर रोक लगाने को लेकर प्रदेश के सभी उपायुक्तों एवं अन्य अधिकारियों की मीटिंग लेकर नशे पर अंकुश लगाने को लेकर किए जा रहें कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान गृह, जेल, अपराधिक जांच व न्याय प्रशासन विभागों की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा भी मौजूद रही।

मुख्य सचिव ने एनकोर्ड की बैठक लेते हुए प्रदेश के सभी उपायुक्तों से जिलेवार नशे की रोकथाम को लेकर किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि नशा एक गंभीर विषय है। इस पर सभी सजग होकर कार्य करे। उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि जिले में हर माह एनकोर्ड बैठक लें और इसकी रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चत करें। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मुख्य सचिव को आश्वस्त किया कि दिशा-निर्देश की शत प्रतिशत पालना की जाएगी।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जो भी निर्देश मिले उनकी अनुपालना की जाए। उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी लत व बीमारी है जो नशा करने वाले व्यक्ति पर शारीरिक व मानसिक रूप से बहुत बुरा प्रभाव डालती है और उसके सम्पूर्ण जीवन को नष्ट कर देती है। इसलिए हमें नशे के दुष्प्रभाव बारे स्वयं जागरूक होकर नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहना चाहिए और नशे के खिलाफ इस अभियान का हिस्सा बनकर दूसरो को भी नशे बारे जागरूक करना चाहिए। बैठक के दौरान उन्होंने नशे के विरुद्ध शिक्षा, खेल व पुलिस विभाग को आपसी समन्वय के साथ नशे पर बच्चों, आम नागरिक व विशेषकर युवाओ को जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए ताकि उन्हें नशे जैसी बुरी बीमारी से बचाया जा सकें।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जिलें मे नशे पर रोक लगाने को लेकर सुझाव भी आमंत्रित किए। उन्होंने पुलिस विभाग निर्देश दिए कि ऐसे स्थानों जहां नशे की बिक्री व अन्य गतिविधियों मे संलिप्ता होने की संभावना हो उसे चयनित करें और उस पर छापेमारी कर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाएं। उन्होंने कहा कि नशा करने वालों के साथ-साथ नशा कहां से आ रहा है या मिलता है इसका पता लगाना भी जरूरी है इसलिए इस पुलिस मुश्तैदी से कार्य करें।


अंबाला। मीटिंग के दौरान मौजूद अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसपी सुरेंद्र सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रहमजीत सिंह, जिला न्यायवादी नरेंद्र सिंह, एसडीएम शाश्वत सांगवान, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम अमित भारद्वाज, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीएसपी रमेश कुमार, जिला उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. खुशीला, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, सीएमओ डॉ. राकेश सहल, तहसीलदार अंबाला कैंट प्रियंका भी मौजूद रही।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005